एक नजर

माकपा की दो दिवसीय पार्टी क्लास 31 अक्टूबर से, जुटेंगे मध्य क्षेत्र के कार्यकारिणी सदस्य

गोण्डा। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की ओर से मध्य क्षेत्र के जनपदों के कार्यकारिणी सदस्यों की दो दिवसीय पार्टी क्लास 31 अक्टूबर से एक नवंबर 2026 तक जानकीनगर स्थित सुवास्तु लॉन में आयोजित की जाएगी। इसमें पूर्व सांसद एवं माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड सुभाषिनी अली, केंद्रीय कमेटी सदस्य डॉ. हीरालाल यादव, माकपा के प्रदेश सचिव कॉमरेड रविशंकर मिश्रा तथा राज्य सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड डीपी सिंह शामिल होंगे।पार्टी क्लास में कासगंज, फिरोजाबाद, फर्रुखाबाद, मैनपुरी, इटावा, चित्रकूट, कानपुर, फतेहपुर, रायबरेली, लखनऊ, बाराबंकी, बहराइच, लखीमपुर, बस्ती, संतकबीर नगर, फैजाबाद, गोंडा, बरेली, जालौन, हरदोई और औरैया सहित मध्य क्षेत्र के विभिन्न जनपदों के कार्यकारिणी सदस्य भाग लेंगे।माकपा जिला कमेटी गोंडा-बलरामपुर के सचिव कॉमरेड कौशलेंद्र पांडेय ने बताया कि पार्टी क्लास में वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर विचार-विमर्श के साथ देवीपाटन मंडल में वामपंथी लोकतांत्रिक विकल्प तैयार करने की संभावनाओं पर चर्चा होगी। किसानों, मजदूरों, छात्रों, नौजवानों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों की समस्याओं तथा उनके शोषण के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा भी तय की जाएगी।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वामीनाथ वर्मा, केपी पांडेय, अमित शुक्ला, आशीष सिंह, रॉबी गांगुली, अमृतलाल, मोहर्रम अली, योगेंद्र वर्मा, रविंद्र सिंह, विनीत तिवारी, संतोष शुक्ला, अहमद अली और डॉ. सुकुरुल्ला सहित अन्य कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

रिटायर्ड लिपिक के बेटे बने राजकीय शिक्षक, गांव में जश्न

कटरा शिवदयाल गंज गोंडा। क्षेत्र के बल्लीपुर सानी अकबरपुर गांव निवासी अजय शंकर दुबे का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से राजकीय विद्यालय में विज्ञान शिक्षक पद पर चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई।अयोध्या विकास भवन से सेवानिवृत्त लिपिक प्रवेश दुबे एवं गृहिणी मृदुला दुबे के छोटे पुत्र अजय ने पं. बृजभूषण स्मारक इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट तथा बाबा गयादीन बाबूराम वैद्य डिग्री कॉलेज, मैनपुर से बीएससी की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद प्रयागराज में रहकर तीन वर्षों तक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की। 17 अक्टूबर को परिणाम जारी होने और काउंसलिंग की सूचना मिलते ही उनकी सफलता की खबर परिवार और शुभचिंतकों तक पहुंची।

नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा कक्षा छह के एडमिट कार्ड जारी

गोण्डा। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (जेएनवीएसटी) 2027 के तहत कक्षा छह में प्रवेश के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी 28 अक्टूबर 2026 से नवोदय विद्यालय समिति के निर्धारित पोर्टल पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।परीक्षा के सुचारू और व्यवस्थित संचालन के लिए विद्यालयों के प्राचार्यों को अपने लॉगिन के माध्यम से प्रवेश पत्र और पंजीकरण प्रपत्रों को एक साथ पीडीएफ एवं एक्सेल प्रारूप में डाउनलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही विद्यालय स्तर पर अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने और परीक्षा संबंधी तैयारियां समय से पूरी करने को कहा गया है।**इस लिंक से करें डाउनलोड**कक्षा छह की जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2027 के अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति के निर्धारित पोर्टल यहां क्लिक करेंअथवा समिति की आधिकारिक वेबसाइट navodaya.gov.inपर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। वे अंतिम समय की परेशानी से बचने के लिए समय रहते प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उसमें दिए गए परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

पराली लदी ट्रॉली की चपेट में आकर मोपेड सवार की मौत

कटरा शिवदयालगंज । नवाबगंज-मनकापुर मार्ग पर बृहस्पतिवार शाम धान की पराली लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से मोपेड सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।चौबेपुर के भीमनगर गांव निवासी चिलबिल नट का बड़ा बेटा शत्रुघ्न (42) शाम करीब साढ़े सात बजे मोपेड से किशुनदासपुर की ओर जा रहा था। किशुनदासपुर रेलवे क्रॉसिंग से पहले सरकारी पुरवा के पास सामने से आ रहे डबल ट्रॉली युक्त ट्रैक्टर से एक ट्रॉली अचानक अलग होकर मोपेड से टकरा गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल शत्रुघ्न को परिजन सीएचसी नवाबगंज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।परिजन शव घर ले आए और पुलिस को सौंपने से इनकार कर दिया, लेकिन थानाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह के समझाने पर वे मान गए। मृतक मजदूरी कर परिवार चलाता था। उसकी मौत से पत्नी छोटी तथा दो मासूम बेटियों आकांक्षी (2 वर्ष) व आराध्या (6 माह) के सिर से साया उठ गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

सहकारी बैंक घोटाले में आरोपी दंपती की 21.72 लाख की संपत्ति कुर्क

गोण्डा।उत्तर प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक की गोंडा शाखा में ऋण वितरण के नाम पर हुए करोड़ों रुपये के कथित घोटाले में पुलिस और प्रशासन ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। मामले में आरोपी शिवाकांत वर्मा और उनकी पत्नी गीता देवी की 21 लाख 72 हजार रुपये मूल्य की अचल संपत्ति कुर्क की गई है।कोतवाली नगर में दर्ज मुकदमे में ऋण वितरण के दौरान अनियमितता, धोखाधड़ी, कूटरचित अभिलेखों के इस्तेमाल, आपराधिक साजिश और बैंक की धनराशि के दुर्विनियोग के आरोप लगाए गए हैं। बैंक की आंतरिक विशेष ऑडिट रिपोर्ट में विभिन्न खातों के माध्यम से करीब 21.47 करोड़ रुपये के दुर्विनियोग और गबन का खुलासा हुआ था।पुलिस के मुताबिक, अपराध से अर्जित संपत्ति की कुर्की के संबंध में अपर सिविल जज ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को आदेश पारित किया था। इसके अनुपालन में जिलाधिकारी ने पांच अक्टूबर को संपत्ति की कुर्की और जब्तीकरण की कार्रवाई के लिए प्रशासक नियुक्त किया था। शुक्रवार को एसडीएम सदर के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम और कोतवाली नगर पुलिस ने आरोपियों की चिह्नित संपत्तियां कुर्क कर लीं।कुर्क की गई संपत्तियों में शिवाकांत वर्मा के नाम ग्राम रानीजोत में स्थित 0.0610 हेक्टेयर भूमि शामिल है, जिसकी अनुमानित कीमत 15 लाख रुपये है। वहीं, गीता देवी के नाम ग्राम इमलिया गुरुदयाल में स्थित 0.3400 हेक्टेयर भूमि की कीमत 6.72 लाख रुपये आंकी गई है। दोनों संपत्तियों का कुल मूल्य 21.72 लाख रुपये बताया गया है। एसडीएम सदर के राजस्व विभाग के लेखपाल, कानूनगो कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक सहित पुलिस टीम मौजूद रही।

चक्की के पट्टे में फंसने से 12 वर्षीय बालक की मौत

श्रावस्ती। थाना इकौना क्षेत्र के बकसरिया गांव में चक्की के पट्टे में फंसने से 12 वर्षीय जीशान की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जीशान के पिता साहिद अली गांव में चक्की चलाते हैं। वे गेहूं पीसने और धान कूटने का काम करते हैं। इसी से परिवार का गुजारा चलता है। जीशान चक्की पर गया था। इसी दौरान वह पट्टे में फंस गया और चक्की के साथ घूमकर नीचे गिरा। तथा मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। हादसे मेंघटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंचे। अगले दिन जीशान को गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

बैठक सम्पन्न

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान पूर्व में सम्पन्न हुई बैठक के निर्णयों की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने नामामि गंगे योजना के अन्तर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद में ठोस अपशिष्ट के स्त्रोत स्थान पर उसे प्रथक्करण कर कार्यवाही की जाए। सूखा कचरा, एवं गीला कचरा के उपचार/डिस्पोजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने प्लास्टिक अपशिष्ट के डोर टू डोर कलेक्शन की स्थिति, सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के प्रयोग निषिद्ध किये जाने तथा विभागीय परिसर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त घोषित किये जाने हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये है।

सुबह से रूक-रूककर हो रही बारिश ने किसानों की बढ़ायी चिन्ता

श्रावस्ती। मौसम विभाग ने बारिश और तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया है। शुक्रवार सुबह से हो रही बारिश ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी है। जिले में करीब 50 प्रतिशत धान की फसल अब भी खेतो में खड़ी है। शुक्रवार सुबह 9 बजे के बाद आसमान में बादल छा गए और ठंडी हवाएं चलने लगीं।

सैनिक बंधु बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर हुई चर्चा



अम्बेडकरनगर। पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए गुरुवार को सैनिक कल्याण सभागार में सैनिक बंधु बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित शामिल हुए। अधिकारियों ने पिछली बैठक में प्राप्त प्रार्थना पत्रों की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान दो प्रार्थना पत्रों का निस्तारण भी किया गया।

बैठक में जुलाई 2026 समेत कुल छह प्रार्थना पत्र लंबित पाए गए। संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई करते हुए इनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। कार्यदायी संस्था यूपीएसआईडीसीओ को फेज-1 के अपूर्ण मरम्मत कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश भी दिए गए।

पूर्व सैनिकों एवं सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए प्रस्तावित आवासीय निर्माण के द्वितीय चरण की भी समीक्षा की गई। इसके लिए 18 अगस्त 2026 को 305.41 लाख रुपये की तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है और स्वीकृत धनराशि की किस्त ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को जारी की जा चुकी है।

निर्माण कार्य की निविदा 15 नवंबर तक अपलोड कराने के निर्देश दिए गए, ताकि आचार संहिता लागू होने से पहले कार्य शुरू कराया जा सके।

बैठक में युद्ध ट्रॉफी कलेक्शन के लिए जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के नवंबर के तीसरे सप्ताह में सीओडी जबलपुर जाने, जनपद में नई एनसीसी बटालियन की स्थापना तथा पूर्व सैनिकों एवं आश्रितों के लिए ईसीएचएसटाइप-डी पॉलीक्लिनिक की स्थापना में हो रहे विलंब पर भी चर्चा हुई।

रक्षा मंत्री के पत्र के संदर्भ में इन दोनों महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति और शीघ्र क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्रवाई पर विचार-विमर्श किया गया।

कटरा कुटी धाम में नौ दिवसीय आयोजन का आगाज

सरयू जल से महायज्ञ स्थल पर स्थापित हुए मंगल कलश



कटरा शिवदयालगंज गोण्डा । कटरा शिवदयालगंज स्थित कटरा कुटी धाम में आयोजित नौ दिवसीय 20वें श्री हनुमान जयंती महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा एवं विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। सुबह नौ बजे कुटी धाम से निकली यात्रा में पीले वस्त्र धारण किए सैकड़ों महिला, पुरुष और बच्चे हाथों में मंगल कलश लेकर शामिल हुए। श्रद्धालुओं के गगनभेदी जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा में सोनबरसा धाम (गोंडा) के छोटे महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि संचालन विभाग संयोजक शारदाकांत पांडे ने किया।कलश यात्रा में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, कटरा शिवदयालगंज की ओर से सजाई गई राम दरबार, शिव दरबार और शक्ति स्वरूपा की आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। यात्रा का सुंदरदास चौराहा, शिवदयालगंज बाजार और दुर्गागंज माझा में श्री अवध रामलीला समिति, जगत तारिणी दुर्गापूजा समिति तथा विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।सरयू तट पहुंचने पर कथा की मुख्य यजमान भाग्यवती देवी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंगल कलश में पवित्र जल भरा। इसके बाद तट पर संक्षिप्त सभा एवं जलपान विश्राम हुआ। वहां से श्रद्धालु कलश लेकर वापस कुटी धाम पहुंचे, जहां पीठाधीश्वर चिन्मयानंद दास महाराज के सानिध्य में महायज्ञ स्थल पर वैदिक विधि-विधान से मंगल कलश स्थापित किए गए।कार्यक्रमाधिकारी डॉ. अरुण सिंह ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत 31 अक्टूबर से छह नवंबर तक प्रतिदिन शाम सात बजे से रात दस बजे तक संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन होगा। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर सात नवंबर को पूर्णाहुति, प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

वहीं, नौ नवंबर को अन्नकूट के छप्पन भोग महाप्रसाद के साथ महोत्सव का समापन होगा।इस अवसर पर मुख्य व्यवस्थापक रामगोपाल सिंह, अमित सिंह, श्याम तिवारी, उमेश प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र त्रिपाठी, कथावाचक मिथिला शरण पांडे, भुवनेश्वर शास्त्री, अंजनी सिंह, विनोद कुमार गुप्ता, विनोद गुप्ता, गौरी शंकर गुप्ता, गगन गुप्ता, सचिन गुप्ता, राका शर्मा, सुरेंद्र सिंह, राम मणि पांडे और प्रतिमा बहन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

निजी अस्पतालों में टीकाकरण का ब्योरा अब यू-विन पोर्टल पर होगा दर्ज

अयोध्या। निजी अस्पतालों में प्रसव और नवजात शिशुओं के टीकाकरण की व्यवस्था को डिजिटल बनाने की पहल शुरू हो गई है।

शासन के निर्देश पर शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में जनपद के निजी चिकित्सालयों और नर्सिंग होम के संचालकों एवं प्रबंधकों को यू-विन पोर्टल के संचालन का प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान संबंधित संस्थानों की यूजर आईडी भी बनाई गई।प्रशिक्षण के दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि जनपद की सभी निजी प्रसव इकाइयों को प्रसव के बाद नवजात शिशुओं को लगाए जाने वाले टीकों का विवरण यू-विन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।

दुकान में पंखे से लटका मिला इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी का शव

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के दहिरपुर में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब इलेक्ट्रॉनिक सामान के कारोबारी 35 वर्षीय रंजीत वर्मा का शव उनकी दुकान के अंदर पंखे से लटका मिला। दहिरपुर निवासी रंजीत वर्मा पुत्र स्वर्गीय राम प्रकाश वर्मा दहिरपुर रोड पर प्रेम ट्रेडर्स के नाम से दुकान चलाते थे। बताया जाता है कि वह अक्सर रात में दुकान पर ही रुकते थे। शुक्रवार सुबह काफी देर तक दुकान का शटर नहीं खुला तो आसपास के लोगों को अनहोनी की आशंका हुई और पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना पर पहुंची अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने दुकान का शटर खुलवाया तो अंदर रंजीत का शव मिला। घटना की जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रंजीत की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पीछे दो पुत्र और एक पुत्री हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

फिलहाल कारोबारी की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट होने की उम्मीद है। घटना को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हैं, हालांकि पुलिस जांच पूरी होने से पहले किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी।

जिलाधिकारी समेत मजिस्ट्रेटों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



अम्बेडकरनगर। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (PET)-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कड़ी निगरानी रखी गई। शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी श्रीमती ईशा प्रिया सहित सभी उपजिलाधिकारी एवं परीक्षा केंद्रों पर तैनात मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहे और केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।जिलाधिकारी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को परीक्षा की शुचिता बनाए रखने तथा शासन की गाइडलाइन का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की निगरानी, प्रवेश व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को भी देखा गया।जिला प्रशासन के अनुसार जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर क्क्श्वज्ञ-2026 की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्ण वातावरण में कराई जा रही है। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की ओर से लगातार निगरानी की जा रही है।

दशरथ वाटिका में भागवत कथा का समापन, भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

गोसाईंगंज -अयोध्या। नगर के दशरथ वाटिका में शिवपूजन कसौधन के सानिध्य में एक सप्ताह से चल रही श्रीमद्भागवत कथा का शुक्रवार को विधिवत समापन हो गया। अंतिम दिन कथा व्यास आचार्य राधेश शास्त्री के भावपूर्ण प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा सुनने के लिए नगर सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।कथा व्यास ने श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता, सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष सहित विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों में भी भगवान का स्मरण और सत्कर्म नहीं छोड़ना चाहिए। भक्ति, प्रेम, त्याग और परोपकार ही जीवन को सार्थक बनाते हैं। सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे।समापन अवसर पर नगर सभासद आरती जायसवाल ने आचार्य राधेश शास्त्री का माल्यार्पण कर स्मृति चिह्न भेंट किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अयोध्या जनपद से पहुंचे श्रद्धालुओं और नगर के गणमान्य लोगों ने भी कथा व्यास का स्वागत किया।कथा समापन के बाद आयोजक मंडल की ओर से दो दिवसीय भंडारे का आयोजन किया गया।

विद्यालयों में उत्कृष्ट शैक्षिक माहौल बनाने पर जोर, बीईओ ने मासिक बैठक में दिए निर्देश



कैसरगंज ,बहराइच। स्थानीय हुकुम सिंह इंटर कॉलेज में खंड शिक्षा %अधिकारी एवं प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी कैसरगंज श्रीमती अर्चना ने की। उन्होंने विकासखंड के सभी परिषदीय विद्यालयों में उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण तैयार करने का आह्वान करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने पर विशेष जोर दिया।बीईओ ने कहा कि विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक माहौल बनाने के लिए सभी शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। उन्होंने विभागीय कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालयों के शैक्षिक एवं प्रशासनिक कार्यों में सक्रियता और जवाबदेही बनाए रखने पर बल दिया।बैठक में विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विद्यालयों की शैक्षिक व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करने को लेकर भी चर्चा की गई।इस अवसर पर विकासखंड के नोडल एआरपी रसल रघुवंशी, नोडल संकुल आशीष रत्न प्रकाश श्रीवास्तव, कमलेश श्रीवास्तव , सबीह अहमद, प्रभात शुक्ला, अखंड प्रताप सिंह, रामानंद गुप्ता सहित विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी,रेहरा बाजार-बलरामपुर

पत्रांक 2241 /लेखा/डा.बी.आर.अ.भू.वि.यो./निविदा/2026-27 दिनांक 29.10.2026

अल्पकालिन निविदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत रेहरा बाजार के अन्तर्गत डा0 भीम राव अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित निर्माण कार्यो के निमित्त किसी पंजीकृत कार्यदायी संस्था यथा लोक निर्माण विभाग/जिला पंचायत/अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाये दिनांक 06.11.2026 में 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। आमंत्रित निविदा के अन्तर्गत परियोजना की लागत का 10 प्रतिशत धरोहर राशि नगद अथवा एफ0डी0आर0 के रूप में जमा किया जायेगा, जिसमें 02 प्रतिशत की धनराशि अग्रिम स्वरूप नगद अथवा एफ0डी0आर0 खण्ड विकास अधिकारी, गैण्डास बुजुर्ग के पक्ष में बंधक युक्त जमा किया जाना अनिवार्य होगा। बिना अग्रिम धनराशि जमा किये निविदायें मान्य न होंगी। प्राप्त निविदायें दिनांक 06.11.2026 में दोपहर 03.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा निविदादाताओं की उपस्थिति के समक्ष खोली जायेगी। अपरिहार्य परिस्थितयों में यदि नियत तिथि में निविदा नही खोली जा सकी तो अद्योहस्ताक्षरी द्वारा आगामी तिथि नियत करते हुये निविदा खोली जायेगी जिसकी सूचना निविदा दाताओं को एक दिवस पूर्व दे दी जायेगी। निविदा फार्म की बिक्री दिनांक 01.11.2026 से 04.11.2026 के अपराहन 03.00 बजे तक कार्यालय दिवस में की जायेगी। जिसका मूल्य रू0 590.00 नियत है।

क्र0सं0	कार्य विवरण	संख्या	कार्य की लागत जी0एस0टी0 रहित	धरोहर राशि 02 प्रतिशत (रू0 में)	निविदा फार्म मूल्य(जी0एस0टी0स हित)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	जनपद बलरामपुर वि0ख0 रेहरा बाजार के ग्राम सराय खास में डॉ बी0आर0 अम्बेडकर स्मारक स्थल का सौन्दर्यीकरण कार्य।	01	7.76	15915.00	590	02
2.	जनपद बलरामपुर वि0ख0 रेहरा बाजार के ग्राम अघीनपुर में डॉ बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति की स्थापना एवं सौन्दर्यीकरण कार्य।	01	8.47	16932.00	590	02
3.	जनपद बलरामपुर वि0ख0 रेहरा बाजार के ग्राम सोमरहा में भगत सिंह मूर्ति की स्थापना एवं सौन्दर्यीकरण कार्य।	01	8.45	16915.00	590	02
4.	जनपद बलरामपुर वि0ख0 रेहरा बाजार के ग्राम रेहरा में डॉ बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति की स्थापना एवं सौन्दर्यीकरण कार्य।	01	8.44	16898.00	590	02
5.	जनपद बलरामपुर वि0ख0 रेहरा बाजार के ग्राम सादुल्लानगर में तिराहा अशफाक उल्ला खॉ मूर्ति की स्थापना एवं सौन्दर्यीकरण कार्य।	01	8.30	16610.00	590	02
6.	जनपद बलरामपुर वि0ख0 रेहरा बाजार वेफ ग्राम सादुल्लानगर में गुमा चौराहा ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम मूर्ति की स्थापना एवं सौन्दर्यीकरण कार्य।	01	8.30	16610.00	590	02

नियम व शर्तें-
1. निर्धारित समय सीमा के पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
2. निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग/परिलेखन मान्य नही होगा।
3. बिना कारण स्पष्ट किये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहीत होगा।
4. निविदादाता को निविदा के साथ पैन, आधार ,पंजीकृत प्रपत्र,जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. किसी भी परियोजना पर अग्रिम भुगतान की कार्यवाही नही की जायेगी।
6. कार्य पूर्ण/निरीक्षण करने के उपरांत गुणवत्तापूर्ण पाये जाने पर ही भुगतान किया जाना संभव होगा।
7. कार्य मानक के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराया जाना अनिवार्य होगा। मानक के अनुरूप न होने पर जमानत धनराशि जब्त करने के साथ-साथ नियमानुसार संबंधित फर्म/ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही करने .. का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।
8. कार्य स्वीकृति उपरांत निविदादाता को एक सप्ताह के भीतर बॉण्ड तैयार करवाया जाना अनिवार्य होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
रेहरा बाजार-बलरामपुर

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी,उतरौला-बलरामपुर

पत्रांक 746/लेखा/डा.बी.आर.अ.भू.वि.यो./निविदा/2026-27 दिनांक 29.10.2026

निविदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत उतरौला के अन्तर्गत डा0 भीम राव अम्बेडकर मूर्ति विकास योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित निर्माण कार्यो के निमित्त किसी पंजीकृत कार्यदायी संस्था यथा लोक निर्माण विभाग/जिला पंचायत/अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाये दिनांक 13.11.2026 में 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। आमंत्रित निविदा के अन्तर्गत परियोजना की लागत का 10 प्रतिशत धरोहर राशि नगद अथवा एफ0डी0आर0 के रूप में जमा किया जायेगा, जिसमें 02 प्रतिशत की धनराशि अग्रिम स्वरूप नगद अथवा एफ0डी0आर0 खण्ड विकास अधिकारी, गैण्डास बुजुर्ग के पक्ष में बंधक युक्त जमा किया जाना अनिवार्य होगा। बिना अग्रिम धनराशि जमा किये निविदायें मान्य न होंगी। प्राप्त निविदायें दिनांक 16.11.2026 में दोपहर 01.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा निविदादाताओ की उपस्थिति के समक्ष खोली जायेगी। अपरिहार्य परिस्थितयों में यदि नियत तिथि में निविदा नही खोली जा सकी तो अद्योहस्ताक्षरी द्वारा आगामी तिथि नियत करते हुये निविदा खोली जायेगी जिसकी सूचना निविदा दाताओं को एक दिवस पूर्व दे दी जायेगी। निविदा फार्म की बिक्री दिनांक 05.11.2026 से 13.11.2026 के अपराहन 03.00 बजे तक कार्यालय दिवस में की जायेगी। जिसका मूल्य रू0 590.00 नियत है।

क्र0सं0	कार्य विवरण	संख्या	कार्य की लागत	धरोहर राशि 02 प्रतिशत (रू0 में)	निविदा फार्म मूल्य(जी0एस0टी0सहित)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	वि0ख0 उतरौला के अन्तर्गत उतरौला-मनकापुर मुख्य मार्ग के मधपुर तिराहे पर नवीन मूर्ति स्थापना एवं सौन्दर्यीकरण कार्य।	01	8.47	16949.00	590	02
2	वि0ख0 उतरौला के ग्राम बरायल में डा0 बी0 आर0 अम्बेडकर की मूर्ति स्थापना एवं सौन्दर्यीकरण कार्य।	01	8.47	16949.00	590	02

नियम व शर्तें-
1. निर्धारित समय सीमा के पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
2. निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग/परिलेखन मान्य नही होगा।
3. बिना कारण स्पष्ट किये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहीत होगा।
4. निविदादाता को निविदा के साथ पैन, आधार ,पंजीकृत प्रपत्र,जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. किसी भी परियोजना पर अग्रिम भुगतान की कार्यवाही नही की जायेगी।
6. कार्य पूर्ण/निरीक्षण करने के उपरांत गुणवत्तापूर्ण पाये जाने पर ही भुगतान किया जाना संभव होगा।
7. कार्य मानक के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराया जाना अनिवार्य होगा। मानक के अनुरूप न होने पर जमानत धनराशि जब्त करने के साथ-साथ नियमानुसार संबंधित फर्म/ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही करने .. का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।
8. कार्य स्वीकृति उपरांत निविदादाता को एक सप्ताह के भीतर बॉण्ड तैयार करवाया जाना अनिवार्य होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
उतरौला-बलरामपुर